Total No. of Printed Pages—8

**HS/XII/A/h/19**

**2 0 1 9**

**HINDI ( ELECTIVE )**

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A (Objective Questions) serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

SECTION—I

( *Marks* : 30 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) देवसेना अपनी दुर्बलताओं और हारने की निश्चितता के बावजूद प्रलय से लोहा लेती रही है।

(ख) कवि वेदना को छिपाने के लिए गीत नहीं गाना चाहता है।

(ग) लेखक संघ की पत्रिका का नाम 'व्यास' था।

(घ) पसोवा एक बड़ा बौद्ध तीर्थस्थल है।

(ङ) 'रामचरितमानस' की रचना मुख्यतः दोहा, चौपाई, छंद में हुई है।

(च) 'बारहमासा' में कवि ने नागमती के विरह का वर्णन किया है।

(छ) वैदिक काल में हिन्दुओं में लॉटरी नहीं चलती थी।

(ज) बिस्कोहर की माटी विश्वनाथ त्रिपाठी की आत्मकथा 'नंगातलाई का गाँव' का एक अंश है।

(झ) शेखर पूरे ग्यारह साल बाद अपने गाँव सरगी लौट रहा था।

(ञ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल का बचपन साहित्यिक परिवेश से भरापूरा था।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $1\times10=10$

(कुमुद ; सेवाग्राम ; लघुता ; शाम ; उत्तेजना ; औद्योगिक ; लोकसेवा ; पद्मावत ; स्कंदगुप्त ; आरोहण)

(क) यह वह विश्वास, नहीं जो अपनी ______ में भी काँपा।

(ख) जायसी का ______ प्रेमाख्यान परंपरा का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधकाव्य है।

(ग) सारी रात संभव की आँखों में ______ मँडराती रही।

(घ) कोइयाँ वही जलपुष्प है जिसे ______ कहते हैं।

(ङ) आधुनिक ______ विकास ने हमें अपनी जड़-ज़मीन से अलग कर दिया है।

(च) लेखक भीष्म साहनी सन् 1938 के आसपास ______ गए थे।

(छ) दूसरे की मुद्रा की झनझनाहट गरीब आदमी के हृदय में ______ उत्पन्न करती है।

(ज) ______ कहानी में पर्वतीय प्रदेशों में रहने वाले लोगों के जीवन के यथार्थ को दर्शाया गया है।

(झ) बालक ने सीखा-सिखाया उत्तर दिया कि मैं यावज्जन्म ______ करूँगा।

(ञ) 'देवसेना का गीत' प्रसाद के ______ नाटक से लिया गया है।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×10=10

(क) ''मेरी आशा आह! बावली, तूने खो दी सकल कमाई।'' यह किस कविता की पंक्ति है?

*(i)* सत्य

*(ii)* देवसेना का गीत

*(iii)* गीत गाने दो मुझे

*(iv)* यह दीप अकेला

(ख) महीप किस रचना का पात्र है?

*(i)* आरोहण

*(ii)* सूरदास की झोंपड़ी

*(iii)* नमक

*(iv)* बिस्कोहर की माटी

(ग) विष्णु खरे को किस देश का राष्ट्रीय सम्मान मिला था?

*(i)* इंगलैंड

*(ii)* नीदरलैंड

*(iii)* फिनलैंड

*(iv)* हॉलैंड

(घ) “खंभा टेकि खड़ी जैसे नारि मुगलाने की।”
प्रस्तुत उक्ति किस पाठ से उद्धृत है?

*(i)* मेरा कच्चा चिट्ठा

*(ii)* सुमिरिनी के मनके

*(iii)* दूसरा देवदास

*(iv)* प्रेमघन की छाया-स्मृति

(ङ) “चंदन तिलक के बगैर अस्नान अधूरा होता है बेटा।” यह कथन किसका है?

*(i)* नानी

*(ii)* मंगल पंडा

*(iii)* पुजारी

*(iv)* संभव

(च) गाँधीजी के निजी सचिव का नाम क्या था?

*(i)* महादेव देसाई

*(ii)* डॉ० सुशीला नय्यर

*(iii)* बलराज

*(iv)* पृथ्वीसिंह आज़ाद

(छ) “मैं भी धर्म के बारे में कुछ जानता हूँ।” यह कथन किसका है?

*(i)* यस्सेर अराफात

*(ii)* जवाहरलाल नेहरू

*(iii)* महात्मा गाँधी

*(iv)* रामेश्वरी नेहरू

(ज) 'सूरदास की झोंपड़ी' नामक पाठ के लेखक कौन हैं?

*(i)* संजीव

*(ii)* शेखर जोशी

*(iii)* मुंशी प्रेमचंद

*(iv)* विश्वनाथ त्रिपाठी

(झ) "हारेंहु खेल जितावहिं मोंही।" इस पंक्ति में किसके स्वभाव की ओर संकेत किया गया है?

*(i)* भरत

*(ii)* लक्ष्मण

*(iii)* राम

*(iv)* शत्रुघ्न

(ञ) मुक्त छंद के प्रवर्तक कौन हैं?

*(i)* सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

*(ii)* विष्णु खरे

*(iii)* जयशंकर प्रसाद

*(iv)* महादेवी वर्मा

## SECTION—II

( *Marks* : 20 )

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'ठग-ठाकुरों' से कवि का संकेत किसकी ओर है?

(ख) 'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी है?

(ग) घड़ीसाजी का इम्तहान पास करने से लेखक का क्या तात्पर्य है?

(घ) लेखक ने अपने संग्रहालय के निर्माण में किन-किन के प्रति अपना आभार प्रकट किया है?

(ङ) सूरदास के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

(च) लू से बचने के लिए लेखक की माँ क्या करती थी?

(छ) भरत के चरित्र की एक विशेषता लिखिए।

(ज) सत्य के ओझल होने से कवि का क्या तात्पर्य है?

(झ) कश्मीर के लोगों ने नेहरू जी का स्वागत किस प्रकार किया?

(ञ) बचपन में लेखक के मन में भारतेंदु जी के संबंध में कैसी भावना जगी रहती थी?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) रूपक अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ख) अभिधा शब्दशक्ति की परिभाषा लिखिए।

(ग) श्लेष अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(घ) रस के कितने अंग हैं? उनका नाम लिखिए।

(ङ) निम्नलिखित रसों का स्थायी भाव लिखिए :

*(i)* रौद्र रस

*(ii)* शांत रस

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**6.** निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) बिधि न सकेउ सहि मोर दुलारा। नीच बीचु जननी मिस पारा॥
यहउ कहत मोहि आजु न सोभा। अपनी समुझि साधु सुचि कोभा॥
मातु मंदि मैं साधु सुचाली। उर अस आनत कोटि कुचाली॥
फरह कि कोदव बालि सुसाली। मुक्ता प्रसव कि संबुक काली॥

**अथवा**

भर गया है ज़हर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते हैं लोग लोगों को,
सही परिचय न पाकर,
बुझ गई है लौ पृथा की,
जल उठो फिर सींचने को।

(ख) क्रिसमस का पर्व था। पेरिस के बड़े गिरजे में पेरिस-निवासी, सजे-धजे, हाथों में फूलों के गुच्छे और तरह-तरह के उपहार लिए, माता मरियम को श्रद्धांजलि अर्पित करने गिरजे में जा रहे थे।

**अथवा**

इस भीड़ में दौड़ नहीं थी, अतिक्रमण नहीं था और भी अनोखी बात यह थी कि कोई भी स्नानार्थी किसी सैलानी आनंद में डुबकी नहीं लगा रहा था। बल्कि स्नान से ज्यादा समय ध्यान ले रहा था।

**7.** 'देवसेना का गीत' कविता का भाव-सार अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

निराला की कविता 'गीत गाने दो मुझे' के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

**8.** 'कच्चा चिट्ठा' नामक पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

'प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ के आधार पर चौधरी प्रेमघन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**9.** 'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है? 8

**अथवा**

'बिस्कोहर की माटी' नामक पाठ में लेखक ने अपने देखे-भोगे यथार्थ को प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ प्रस्तुत किया है। स्पष्ट कीजिए।

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) विद्यार्थी और राजनीति

(ख) प्रदूषण की समस्या : कारण और निदान

(ग) अनेकता में एकता

(घ) राष्ट्रभाषा हिन्दी

(ङ) मेरा प्रिय कवि

★★★